संदर्भ शर्तें (टीओआर)
सीनियर कनसल्टेंट – जनजातीय स्वास्थ्य प्रकोष्ठ
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं एवं उत्तरदायित्वः

- जनजातीय स्वास्थ्य से संबंधित मामलों की समयबद्ध ढंग से समीक्षा और रिपोर्ट
- मंत्रालय के विभिन्न कार्यक्रम प्रभागों से फीडबैक और सुझाव प्राप्त करना और समन्वय करना तथा जनजातीय स्वास्थ्य से संबंधित कार्यक्रमों के बारे में विश्लेषणात्मक रिपोर्ट उपलब्ध कराना।
- राज्य और जिला स्तरीय नवाचारों के दस्तावेज तैयार करना।
- नीति, कार्यक्रम नियोजन और कार्यान्वयन में अपेक्षित परिवर्तन की सूचना के लिए विश्लेषणात्मक दस्तावेज तैयार करना।
- विशिष्ट तकनीकी और नीति सार, रिपोर्ट, केस स्टडीज, निगरानी जांचसूची/प्रोटोकोल इत्यादि के विकास में योगदान।
- जनजातीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में हस्तक्षेपों को सुधारने के लिए परिचालन अनुसंधान और प्रभाव आकलन करने में समर्थन।
- ऐसे अन्य असाइनमेंट करना जो समय समय पर आपसे तुरंत ऊपर के पर्यवेक्षक सौंप सकते हैं।

शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव :

I) अनिवार्यः

- मेडिकल/डेंटल/राजनीतिक विज्ञान स्नातक के साथ सामुदायिक चिकित्सा/सार्वजनिक स्वास्थ्य/स्वास्थ्य प्रणाली अनुसंधान/महामारीविज्ञान/स्वास्थ्य नीति और नियोजन में स्नातकोत्तर योग्यता।
- शैक्षिक योग्यता के पश्चात स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयनन, जनजातीय एवं ग्रामीण स्वास्थ्य मुद्दों को समझने में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव।
- दस्तावेज तैयार करने, आंकड़ों के विश्लेषण, रिपोर्ट लेखन और प्रस्तुति में अनुभव।
- राज्यों और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के विभिन्न प्रभागों के साथ कार्य करने के लिए समन्वय कौशल।
- उत्कृष्ट विश्लेषणात्मक कौशल, संचार एवं प्रस्तुति कौशल एवं अंतरवैयक्तिक क्षमताएं।
- अंग्रेजी में उत्कृष्ट मौखिक एवं लेखन संचार कौशल।
- आईटी एप्लिकेशन्स का अच्छा ज्ञान एवं अनुभव।

II) वांछनीयः

- हिंदी/अन्य प्रमुख क्षेत्रीय भाषा का कामकाजी ज्ञान।

- विभिन्न क्षेत्रों की टीम के वातावरण में कार्य करने की प्रदर्शित क्षमता।
- जनजातीय क्षेत्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल/राज्य स्तरीय सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों/नीति तैयार करने में सरकारी और एनजीओ के नेतृत्व में स्वास्थ्य कार्यक्रमों में समन्वय में कार्य करने का प्रदर्शित अनुभव ।

उम्र सीमा : 50 वर्ष तक (आवेदन प्राप्त करने की तिथि को)

कार्य का स्थान: पद नई दिल्ली में स्थित है साथ में विभिन्न राज्यों और जिलों की यात्रा।

परिलब्धि की सीमा : रु. 90,000/– से रु. 1,50,000/– के बीच

***इस बैंड में प्रस्तावित फीस योग्यता और अनुभव के समानुपातिक होगी।**

आवेदन कैसे करें: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट (http://nhsrcindia.org) पर उपलब्ध आवेदन को ठीक से भरें। आवेदन केवल निर्धारित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप में ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन को प्राप्त करने की अंतिम तिथि **29-Nov-2022** है।